>

Title: Need to provide compensation to farmers who suffered loss due to damage to their crops caused by Nilgai in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत क्रमशः दो जिले आते हैं पलामू एवं गढ़वा । विदित है कि दोनों जिलों के विभिन्न प्रखंडों यथा विश्रामपुर, केतात, पांडू, नावा बाजार, मेदिनीनगर, पाटन, छतरपुर, कांडी, मझिआंव सहित अन्य प्रखंड के किसानों की अरहर, मक्का, तिलहन एवं सब्जी की फसलों को नीलगायों के द्वारा बड़े पैमाने पर बर्बाद किया गया है । किसानों की फसल बर्बाद होने से वे कर्ज में डूब चुके हैं, ऐसा प्रतिवर्ष हो रहा है । किसानों की कठिनाइयों को देखते हुए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा एक टीम का गठन कर नुकसान हुई फसलों का आकलन कर किसानों को मुआवजा दिया जाय जिससे उनकी आर्थिक क्षति की कुछ हद तक भरपाई हो सके ।

अतः माननीय मंत्री वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि नीलगाय के द्वारा बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा प्रदान कराने की कृपा की जाय ।